हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 14 नवंबर 2025


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री


12 मेयर ने जन्म-मृत्यु व प्रॉपर्टी टैक्स शाखाओं का निरीक्षण...





12 खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रा गीता का शानदार...




## खबर संक्षेप

### इलेक्ट्रिक सामान चोरी में तीन गिरफ्तार

**हिसार।** थाना अर्बन एस्टेट पुलिस ने सेक्टर 27-28 स्थित दुकान से एलईडी टीवी सहित सामान चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें इंद्रा कॉलोनी सातरोड खुर्द निवासी सुरेश उर्फ मोनी, दीपक और सातरोड खास निवासी राहुल शामिल है। पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा एलईडी टीवी सहित इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजयपाल ने बताया कि इस संबंध में थाना अर्बन एस्टेट में सेक्टर 27-28 स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालक अजय ने उसकी दुकान से 8 एलईडी टीवी, 3 एलईडी गैस स्टोव, पानी गरम की रॉड सहित सामान चोरी के बारे शिकायत दी थी।

### 8.58 ग्राम हेरोइन सहित महिला काबू

**हिसार।** सीआईए टीम ने अंबेडकर बस्ती से एक महिला को काबू करके 8.58 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हिसार सीआईए पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर अंबेडकर बस्ती से एक एक महिला को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम बस्ती की ही सुमन रानी बताया। महिला पुलिस कर्मचारी द्वारा तलाशी लेने पर उक्त महिला के कब्जे से एक पॉलिथीन की थैली में 8.58 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### शराब ठेके पर गोली चलाने में तीन काबू

**नारनौंद।** बास पुलिस ने गांव मदन हेड़ी में शराब ठेके के बहार गोली चलाने मामले में तीन आरोपित युवकों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। जिनकी पहचान आशिष निवासी गंगाना जिला सोनीपत, अंकित निवासी खरेंटी व विक्रम निवासी कंडेला जिला जींद के रूप में हुई है। थाना बास में तैनात सब इंस्पेक्टर योगेन्द्र ने बताया कि आरोपियों ने दिनांक 15 सितंबर को गांव मदन हेड़ी शराब ठेके के बहार मन्थली मांगने के लिए गोली चला दी थी और मौके से फरार हो गए थे।पुलिस ने मामला दर्ज करके आरोपितों की तलाश शुरू कर दी थी।

### मकान में चोरी मामले में दूसरा आरोपी काबू

**हांसी।** थाना शहर पुलिस ने मकान से 25 हजार रुपये व फोन चोरी मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भिवानी जिले के गांव बड़सी निवासी सतपाल के रुप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई शिव कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर 8 नवंबर को वकील कॉलोनी निवासी सबनम के घर से 25 हजार रुपये, मोबाइल फोन तथा सोने चांदी के आभूषण सहित अन्य सामान चोरी कर लिया था।

### जिला परिषद की सामान्य बैठक 21 को

**हिसार।** जिला परिषद की सामान्य बैठक 21 नवंबर को दोपहर 11 बजे जिला परिषद के बैठक कक्ष में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि बैठक में जन-प्रतिनिधियों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी भी बैठक में भाग लेंगे।

### गीले कचरे से बनी जैविक खाद निशुल्क वितरित

**हिसार।** वार्ड 14 से एकत्रित किए गए गीले कचरे से कम्पोस्ट खाद को वार्ड में निशुल्क वितरित किया गया है। यह कार्य नगर निगम की स्वच्छता शाखा द्वारा किया गया है। निगमायुक्त नीरज ने बताया कि वार्ड 14 से एकत्रित गीले कचरे से एमआरएफ सेंटर पर कम्पोस्ट खाद बनाई गई है। नगर निगम द्वारा कचरा संग्रहण वाहन और ट्रेनी हेल्थ इंस्पेक्टर की मदद से वार्ड 14 के लगभग 500 घरों में यह जैविक खाद निःशुल्क वितरित की गई। इस खाद का उपयोग अपने घरों में रखे पौधों, किचन गार्डन और पार्क में करेंगे।

### रोडवेज ड्राइवरों और टोल कर्मियों के बीच मारपीट की सूचना पर दौड़ी पुलिस

# रोडवेज और टोल प्लाजा कर्मचारियों के बीच झड़प

## बस का शीशा तोड़ने व वर्दी फाड़ने के आरोप लगा किया टोल जाम



हांसी। टोल प्लाजा पर जाम के दौरान एकत्रित भीड़ व पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रामायण टोल प्लाजा पर गुरुवार को हरियाणा रोडवेज बस और टोल कर्मचारियों के बीच झड़प हो गई। विवाद बढ़ने पर हरियाणा रोड़वेज कर्मचारियों ने टोल की प्रत्येक लेन में बसों खड़ा कर टोल प्लाजा को जाम कर दिया। टोल प्लाजा पर रोडवेज बस चालक व टोल कर्मी के साथ मारपीट तथा टोल जाम किए जाने की सूचना मिलने पर सदर डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई, सदर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुमेर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और रोड़वेज कर्मचारियों को समझा बुझाकर टोल प्लाजा की लेन में खड़ी बसों को वहां से हटवा कर यातायात व्यवस्था को सुचारू करवाया। टोल प्लाजा पर रहे करीब पौना घंटे तक जाम जाम के दौरान टोल के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लंबी लाइनें लग गई।जिसके चलते राहगीरों व यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं जाम के दौरान टोल संचालन पूरी तरह ठप रहा।

रोडवेज बस चालक महेंद्र ने टोल कर्मचारियों पर मारपीट करने, बस के शीशे तोड़ने और वर्दी फाड़ने का आरोप लगाया है। वहीं, टोल प्रबंधन ने रोड़वेज कर्मियों पर बंद लेन से बस निकालने का आरोप लगाया। लेन कर्मचारी के अनुसार, बस चालक ने बंद लेन में जबरन बस घुसाई और विरोध करने पर टोल कर्मचारी पर बस चढ़ाने का प्रयास किया तथा उसके साथ हाथापाई की।

### दोनों पक्षों ने दी शिकायत

सदर थाना प्रभारी सुमेर सिंह ने बताया कि रोड़वेज बस चालकों द्वारा टोल पर जाम लगाए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच रोड़वेज कर्मचारियों को समझा बुझाकर कर बसों को वहां से हटवा कर टोल संचालन फिर से शुरू करवा दिया गया। उन्होंने बताया दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाएं और दोनों पक्षों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है। मामले की जांच के बाद दोषी पक्ष के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

### रोडवेज कर्मचारियों पर हमला निंदनीय : मोर

बता दें कि हरियाणा रोड़वेज हांसी सब डिपो की यह बस गुरुवार सुबह 7:20 बजे दिल्ली से सिरसा के लिए रवाना हुई थी। करीब 11 बजे रामायण टोल प्लाजा पर निजी परिवहन समिति की बस के पीछे बस निकालने को लेकर यह घटना हुई। वहीं रोड़वेज कर्मचारी यूनियन के प्रधान सोनू मोर ने टोल कर्मचारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि रोडवेज कर्मचारियों पर हमला निंदनीय है, जिसके विरोध में बसें खड़ी कर जाम लगाया गया। मोर ने कहा कि सरकार द्वारा टोल प्लाजा बनाने का उद्देश्य आम लोगों को सुविधा देना है, लेकिन यहां आए दिन जनता से झगड़ा कर उन्हें परेशान किया जाता है।

### महिला से छीनाझपटी में दो 5-5 साल की सजा

**हिसार।** गांव सारंगपुर की ढाणी में खेत से घर लौट रही महिला से सोने की ताबीजी लूट मामले में अदालत ने दो दोषियों कुलदीप और नरेंद्र को 5-5 साल कैद व 25-25 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। बता दें कि अदालत ने दोनों को बुधवार को दोषी करार दिया था। अदालत के अनुसार आदमपुर थाना पुलिस ने सारंगपुर निवासी महिला प्रेमा देवी की शिकायत पर सोने की ताबीजी लूटने का केस दर्ज किया था। प्रेमा देवी ने बताया था कि 12 फरवरी को दोपहर में खेत से लौटते समय बाइक सवार दो युवकों ने उनके गले से आधे तोले की सोने की ताबीज झपट ली थी।

### खुले में मीट बेचने वालों के किए चालान

**हिसार।** स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नगर निगम प्रशासन सख्त रूख अपनाया हुआ है। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान सीएसआई राजकुमार के नेतृत्व में टीम ने निरंकारी भवन रोड पर 4 दुकानदारों के द्वारा खुले में मीट बेचने पर के चालान किए। इसके साथ ही एक दुकानदार के द्वारा खुले में कचरा डालने पर उसका चालान किया गया। सीटीएल प्रदीप जाखड व तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू ने दिल्ली रोड व मॉडल टाउन के आस-पास के क्षेत्र में 2 दुकानदारों के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर व 2 दुकानादारों के द्वारा डस्टबिन का प्रयोग न करने पर की कार्रवाई।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बेटे की मौत, मां घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

नारनौंद रोड पर मोठ गांव के पास हुई एक दुर्घटना में लगभग 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली द्वारा युवक की मोटरसाइकिल को टक्कर मार देने से हुआ। हादसे के वक्त युवक की मां भी उसके साथ बाइक पर सवार थीं। पुलिस के अनुसार गांव सिसाय बोलान निवासी केला अपने बेटे बिट्टू के साथ बाइक पर सवार होकर गांव लोहारी राघो से अपने घर जींद लौट रही थीं। नारनौंद रोड पर मोठ गांव से लगभग 500 मीटर आगे पहुंचने पर पीछे से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

### ट्रैक्टर चालक पर लापरवाही का आरोप

केला ने बताया कि ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मां-बेटे दोनों सड़क पर गिर गए। केला सड़क से नीचे खेतों की ओर जा गिरीं, जबकि बिट्टू सड़क पर ही गिरा और ट्रैक्टर का टायर उसके ऊपर से गुजर गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर थोड़ी देर रुका और अपना नाम लाला निवासी गढ़ी अजीमा बताया, लेकिन कुछ ही देर बाद वह ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से केला ने अपने बेटे बिट्टू को तुरंत नारनौंद के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### परेशानी के चलते पिता ने बच्चों के सामने लगाई फांसी

**हिसार।** मिल गेट एरिया स्थित विनोद नगर गली नंबर-1 में पिता ने अपने बच्चों के सामने ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी पास में ही श्री राम आटा चक्की पर काम करती है और वह काम पर गई हुई थी। गुरुवार दोपहर में विकास घर में मौजूद था और उसने फांसी लगा ली। इसके बाद बच्चों के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों को पता चला तो देखा की विकास फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। इसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। बताया जा रहा है कि विकास किसी पेट्रोल पंप पर सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। घटना के बाद परिजनों ने बताया कि विकास शहर के पास एक पेट्रोल पंप पर सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। परिजनों का आरोप है कि वहां पर पेट्रोल पंप वाले विकास को परेशान कर रहे थे। उन्होंने धमकी भी दी थी। घटना के बाद मकान मालिक भी पहुंच गए। मकान मालिक ने बताया कि तीन साल से विकास मकान में रह रहा था। वह समय पर किराया देता था, कभी घर में किसी परेशानी के बारे में उनको कभी नहीं बताया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विदेश भेजने के नाम पर 58 लाख की ठगी

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने नौकरी लगवाने व विदेश भेजने के नाम पर 58 लाख की ठगी करने के मामले में जींद के रामकली निवासी दिलावर सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में सिविल लाइन थाना में 16 अगस्त 2024 को नौकरी लगवाने और विदेश भेजने के नाम पर की गई 58 लाख की ठगी बारे में केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता रवि ने बताया कि दिलावर सिंह, राकेश कुमार और अन्य ने उसे और उसकी स्पोर्ट्स एकेडमी से जुड़े अन्य युवकों को सरकारी नौकरी तथा विदेश भेजने का झांसा देकर कुल 58 लाख रुपए की ठगी की।



हिसार। अभियान के दौरान गाड़ी उठाकर ले जाती क्रेन।

### ऑटो मार्केट में चौथे दिन भी निगम टीम ने हटाए कब्जे

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा अभियान लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को तहबाजारी टीम ने ऑटो मार्केट फेस-3 क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। अभियान के दौरान सिंचाई विभाग के विकास बिसन ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ तहबाजारी टीम, ऑफिस सहायक सुरेंद्र वर्मा, जूनियर इंजीनियर राजकुमार तथा पुलिस विभाग टीम और कर्मचारी भी मौजूद थे। संयुक्त टीम ने कार्रवाई के दौरान सड़क पर खड़े 13 वाहनों और अन्य सामान को जब्त किया। सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि अतिक्रमण हटाए गए स्थानों पर सफाई भी करवाई जा रही है। नगर निगम अधिकारियों ने मौके पर दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों को स्पष्ट चेतावनी दी कि वे स्वयं अतिक्रमण हटा लें। नगर निगम का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।


### सब इंस्पेक्टर मर्डर केस में दो और गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस ने ढाणी श्यामलाल क्षेत्र में उप निरीक्षक रमेश कुमार हत्या प्रकरण में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें ढाणी श्यामलाल निवासी धर्मवीर उर्फ बबलू और अमरजीत उर्फ तलवा शामिल है। दोनों को अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने अब तक इस मामले में सात आरोपी गिरफ्तार कर लिए हैं। मामले के अनुसार गत 6 नवंबर की रात लगभग 10:30 बजे ढाणी श्यामलाल क्षेत्र में शराब के नशे में धुत कुछ व्यक्ति गली में खड़े होकर गाली-गलौज कर रहे थे। एसआई रमेश कुमार द्वारा उन्हें रोकने पर वे थोड़ी देर के लिए चले गए।

# संत समागम में दिखी आस्था

- गुरु जम्भेश्वर के निर्वाण दिवस पर लालासर साथरी में संत समागम व वार्षिक मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। गुरु जम्भेश्वर के निर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रवचन देते स्वामी रामानंद महाराज। *फोटो :हरिभूमि*

श्री गुरु जम्भेश्वर भगवान के 490वें महानिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में लालासर साथरी में संत समागम व वार्षिक मेला आयोजित किया गया। पर्यावरण एवं जीव रक्षा के सिद्धांतों को स्थापित करने वाले गुरु जाम्भोजी के निर्वाण दिवस पर निर्वाण स्थली लालासर साथरी में हवन पाहल के बाद आगंतुक संतों ने अपने प्रवचन दिए। लालासर साथरी के महंत डॉ. स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने बताया कि बिश्नोई समाज में मार्गशीर्ष बदि नवमी को चिलत नवमी कहा जाता है। इस दिन गुरु जाम्भोजी का पुण्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। सबदवाणी का उद्धरण देते हुए 'अनेक अनेक चलंता दीठा,कलि का माणस कौन विचारूं'। उन्होंने बताया कि इस धराधाम पर अनेक दिव्य महापुरुषों का अवतार हुआ और अपना उद्देश्य पूर्ण होने के बाद लीला संवरण किया है। मुकाम पीठाधीश्वर स्वामी रामानंद आचार्य ने कहा कि वर्तमान युग में जाम्भोजी के सिद्धांतों के अनुकरण की महत्ती आवश्यकता है। बिश्नोई समाज सदियों से जल, जंगल ज़मीन की रक्षा के लिये समर्पित रहा है। वैचारिक दूषण से मुक्त रहना भी अत्यावश्यक हो गया है।

# मार्केट कमेटी के चेयरमैन बने शमशेर

- बास मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर मोर ने संभाला कार्यभार
- सीएम नायब सिंह सैनी और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। बास मार्केट कमेटी में कार्यभार संभालते चेयरमैन शमशेर मोर।

बास मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर मोर और वाइस चेयरमैन आजाद शर्मा ने गुरुवार को कमेटी के कार्यालय में पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया है। वहां पहुंचने पर फूल मालाएं डालकर उनका जोरदार स्वागत किया गया। मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर मोर ने बताया कि सरकार ने उनको जो जिम्मेदारी सौंपी है। वह उनको पूरी मेहनत व निष्ठा के साथ निभाने का काम करेंगे। उन्होंने प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का आभार जताते हुए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि लोगों की जो भी कार्य होंगे उनको प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने का काम करेंगे। अनाज मंडी में जो भी समस्याएं हैं उनका सबसे पहले समाधान करने का काम करेंगे ताकि मंडी में आने वाले किसान व मजदूर को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के सचिव सतीश सिंघरोहा, मंडल प्रधान सोनू सैनी, बलवान सिंधु, सुरेंद्र मोर, नरेश मोर, राजेश, सुशील सिंधु आदि रहे।


### एसपी ने बैठक में दिए जरूरी निर्देश

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने गुरुवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में पुलिस जिला हांसी की सभी ईआरवी टीमों एवं नाका इंचार्जों की बैठक ली। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक यशवर्धन ने कहा कि ईआरवी टीम आमजन की सुरक्षा के लिए सबसे तेज और भरोसेमंद इकाई है। उन्होंने निर्देश दिए कि ईआरवी में उपलब्ध सभी आवश्यक उपकरण जैसे फर्स्ट एड किट, रोड ब्लिंकर, बैरिकेड टेप, टॉर्च, ड्रैगन लाइट, वायरलेस सेट, पंचर किट, रिफ्लेक्टर जैकेट, सेफ्टी कोन आदि हमेशा कार्यशील स्थिति में उपलब्ध रहें। पुलिस अधीक्षक ने सभी को जरूरी निर्देश दिए।

# विद्यार्थियों ने समझी राजस्थान संस्कृति

- विज्डम स्कूल के विद्यार्थियों का राजस्थान शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण करते विज्डम स्कूल के विद्यार्थी।

विज्डम स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर के उद्देश्य से विद्यालय की कक्षा सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों के लिए राजस्थान का एक शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इस यादगार यात्रा में विद्यार्थियों के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम पिलानिया भी साथ रहीं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने राजस्थान के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों ,सालासर, चित्तौड़गढ़, कुंभलगढ़ और उदयपुर का अवलोकन किया।यात्रा की शुरुआत सालासर बालाजी मंदिर के दर्शन से हुई, जहां विद्यार्थियों ने भक्ति और आस्था को गहराई से अनुभव किया। इसके पश्चात सभी ने वीरभूमि चित्तौड़गढ़ का भ्रमण किया, जहां बच्चों ने रानी पद्मिनी और महाराणा प्रताप जैसे महान विभूतियों के साहस, त्याग और गौरवशाली इतिहास के बारे में जाना। कुंभलगढ़ किला, जिसकी विशाल दीवारें चीन की महान दीवार के बाद विश्व में दूसरी सबसे लंबी हैं, विद्यार्थियों को स्थापत्य कला की अद्भुत झलक दिखाई। भ्रमण का अंतिम पड़ाव था उदयपुर झीलों की नगरी।

### चारों क्वार्टर फाइनल मुकाबले रोमांच और उत्साह से भरपूर रहे

# सावित्रीबाई फुले विवि को हराकर लुवास सेमीफाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। मैन ऑफ़ दा मैच को सम्मानित करते कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका।

21वां ऑल इंडिया वाइस-चांसलर्स टी-20 क्रिकेट कप टूर्नामेंट–2025 के दौरान अपने-अपने लीग मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देने वाली आठ टीमें अब टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में पहुंच चुकी थीं। गुरुवार को खेले गए चारों क्वार्टर फाइनल मुकाबले रोमांच और उत्साह से भरपूर रहे। पहले क्वार्टर फाइनल में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार की क्रिकेट टीम ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लुवास टीम ने इस टूर्नामेंट में अब तक अपने सभी मुकाबलों में विजयी रहते हुए लगातार शानदार फॉर्म बनाए रखी है। आज के मैच में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट टीमवर्क और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर लुवास टीम ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया, जो पूरी तरह सफल साबित हुआ। लुवास के गेंदबाजों ने सटीक लाइन और लेंथ के साथ शानदार गेंदबाजी की, जिसके सामने पुणे विश्वविद्यालय की पूरी टीम मात्र 78 रन पर सिमट गई। कप्तान विकास खरब ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट झटके, जबकि गौरव चराया ने 3 विकेट और डॉ. सतबीर शर्मा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए।

### हकृवि ने पंजाबी यूनिवर्सिटी का हराया

दूसरा क्वार्टर फाइनल हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि), हिसार और पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। पंजाबी यूनिवर्सिटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 177 रन बनाए। जवाब में हकृवि की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए केवल 18 ओवरों में 5 विकेट पर 181 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस जीत के साथ हकृवि हिसार की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया।

### डॉ. सतबीर शर्मा रहे मैन ऑफ द मैच

लक्ष्य का पीछा करते हुए लुवास की ओर से डॉ. सतबीर शर्मा ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने मात्र 24 गेंदों पर 48 रन की विस्फोटक पारी खेलते हुए टीम को शानदार जीत दिलाई। गेंद और बल्ले दोनों से उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. एसएस ढाका भी उपस्थित रहे।


MEDI CITY
MULTISPECIALITY HOSPITAL & NEURO CARE CENTER
For Excellence in Trauma, I.C.U. & General Health Care
हरियाणा सरकार एवं आयुष्मान भारत, NABH, ESIC के अंतर्गत सभी सेवाएं उपलब्ध।
अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं
- ब्रेन हैमरेज, दिमाग की रसौली
- कमर व गर्दन की डिस्क के ऑप्रेशन की सुविधा
- सिर की चोट • डिलीवरी व MPT की सुविधा
- जहर पीडित मरीजों के उत्तम इलाज की सुविधा
- हड्डी की टूट व हर प्रकार के ऑप्रेशन की सुविधा
- Physiotherapy & Slimming Center
- EEG • MRI Whole Body • Neuro Navigation
- RFL • 3D Spiral CT Scan, Digital X-Ray
- Ambulance की सुविधा Ventilator सहित
Dr. R. Kumar
M.S. (AIIMS, New Delhi)
M.Ch. (PGIMER, Chandigarh)
Dr. Anita Kumari
M.S. (Gyn. & Obs.)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञा
24/7
नोट : अधरंग के मरीजों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए लक्षण शुरू होने के 4 घंटों के अन्दर हस्पताल पहुंचे। अधरंग का टीका 4 घंटे के अन्दर ही लगाया जाता है।
SECTOR 16-17, SOUTH BY PASS, HISAR Mob.: 94160-44519, 9812019350

## खबर संक्षेप

### गुजवि के 5 विद्यार्थियों को मिली प्लेसमेंट

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से एचडीएफसी के ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के पांच एमबीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को प्लेसमेंट मिली है। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में एमबीए के 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट वार्ता और उसके बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल रहे। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि चयनित प्लेसमेंट ड्राइव में एमबीए जनरल के अनंत कुमार व शिवांशु, एमबीए-फाइनेंस की दीक्षा, एमबीए-मार्केटिंग की सिया और एमबीए-इंटरनेशनल बिजनेस की युक्ता रानी 4.7 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज पर चयनित हुए हैं।

### समाधान शिविर में एडीसी ने सुनी जनसमस्याएं

**हिसार।** लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों द्वारा बिजली, पानी, सडक़, और सामाजिक योजनाओं से जुड़ी विभिन्न शिकायतों को सुनते हुए उन्होंने समाधान की दिशा में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### छह दिवसीय सर्जिकल जांच शिविर 17 से

**हांसी।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिक अस्पताल में 17 से 22 नवंबर 2025 तक छह दिवसीय सर्जिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष शिविर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र एवं जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त और कैशलेस सर्जरी की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी राहुल बुद्धि राजा ने बताया कि कैंप के दौरान हर्निया, पाइल्स (बवासीर), भगंदर, अपेंडिक्स, पीत की पथरी, थायरॉयड, स्तन सर्जरी, शरीर में किसी भी प्रकार की गांठ तथा पेट से संबंधित अन्य बीमारियों के ऑपरेशन किए जाएंगे।

### स्वास्थ्य शिविर में 202 नेत्र रोगियों की जांच

**हांसी।** लायन्स क्लब द्वारा गुरुवार को लायन सेवा सदन में नेत्र जांच एवं आप्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विशाल वढेरा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। शिविर में चिकित्सकों द्वारा 202 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिसमें 22 मरीजों को आंखो के सफेद मोतियाबिंद के आप्रेशन के लिए नई दिल्ली ले जाया गया। मित्तल आदि उपस्थित रहे।

### गीता भवन में श्रीराम कथा आज से

**हिसार।** बंसल परिवार, भूना वालों की ओर से मौहल्ला रामपुरा स्थित गीता भवन मंदिर में 14 से 22 नवम्बर तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। बंसल परिवार के सदस्य नरेश बंसल, भूना वाले ने बताया कि कथा के पहले दिन दोपहर एक बजे कथा व्यास संत गोपीराम महाराज के सान्निध्य में कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो रामपुरा मौहल्ला की गली नंबर 2 स्थित प्रणामी सत्संग भवन से चलेगी तथा आसपास की गलियों से होते हुए गली नंबर 5 स्थित गीता भवन मंदिर में पहुंचेगी।

### दुकानों की भरी हुई नीवों को किया तहस नहस

**बरवाला।** जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा बरवाला शहर में दो शॉपिंग कॉम्पलेक्स में जेसीबी चलवा कर दुकानों की भरी हुई नीवों को तहस नहस किया गया। यह जेसीबी टोहाना मार्ग पर तीन एकड़ में शॉपिंग कांम्पलेक्स और हिसार बाइपास पर दो एकड़ में बने शॉपिंग कांप्लेक्स में चलाई गई। यह कार्रवाई डीटीपी दिनेश कुमार के नेतृत्व में की गई और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में ईटीओ मुकेश गौतम मौजूद रहे। किसी अप्रिय घटना के बचाव हेतु पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। डीटीपी दिनेश कुमार ने बताया कि इन कॉलोनाइजरों को नोटिस दिए गए थे परंतु इन कालोनाइजरों ने इन नोटिसों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया और अपनी हरकतों से बाज नहीं आए।

## संगीत, नृत्य और नाटक के रंगों से सराबोर हुआ परिसर

# सीडीएलयू में युवा महोत्सव : दिखा कला और संस्कृति का शानदार संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** सीडीएलयू में आयोजित युवा महोत्सव में प्रस्तुति देती छात्रा।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में चल रहे युवा महोत्सव के चौथे दिन गुरुवार को युवा ऊर्जा, सृजनशीलता और सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत संगम देखने को मिला। विश्वविद्यालय परिसर संगीत, नृत्य और नाटक के रंगों से सराबोर रहा। उद्घाटन सत्र में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के कुलपति प्रो. रामपाल सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. रामपाल सैनी ने अपनी मधुर रागिनी प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने जाने माने गायक पंडित मांगे राम की रागनी गंगा-जी तेरे खेत में के माध्यम से हरियाणा की समृद्ध संस्कृति बारे मं बड़े ही बेहतरीन तरीके से प्रस्तुति दी। उन्होंने भारत की प्रसिद्ध नदी गंगा के बारे में रागनी के माध्यम से बताया कि गंगा समस्त संसार का जीवन दाता है सुख के साथ साथ सजीवता प्रदान करने का माध्यम है। इतना ही नहीं ये समस्त संसार के लिए मुक्ति दाता भी है।

### प्रस्तुतियों ने लूटी वाहवाही

सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि सफलता के लिए धैर्य और समर्पण अनिवार्य हैं। कुछ मिनटों की प्रस्तुति के लिए विद्यार्थी महीनों तैयारी करते हैं, यही मेहनत हमें गर्व और प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, सृजनशीलता और नेतृत्व क्षमता के निर्माण का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में प्रबंधकीय दक्षता, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच का विकास करते हैं। सीडीएलयू का यह महोत्सव न केवल प्रतिभा का उत्सव है, बल्कि यह विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। प्रो. राजकुमार ने कहा कि सीडीएलयू द्वारा आयोजित यह युवा महोत्सव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में प्रेरणास्रोत है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सृजनशीलता का भाव जागृत करते हैं। इंडियन ऑर्केस्ट्रा, जनरल फोक सॉन्ग और वन एक्ट प्ले जैसी ऊर्जावान प्रस्तुतियों ने दर्शकों की वाहवाही लूटी। इंडियन ग्रुप सॉन्ग, हरियाणवी फोक सॉन्ग (सोलो), हरियाणवी फोक इंस्ट्रुमेंटल (सोलो) और वेस्टर्न इंस्ट्रुमेंटल सोलो प्रतियोगिताओं ने संगीत का जादू बिखेरा। क्विज़ फाइनल ने विद्यार्थियों की ज्ञान-प्रतिभा को प्रदर्शित किया। रंगोली और इंस्टॉलेशन आर्ट प्रतियोगिताएँ रचनात्मकता का आकर्षण बनीं।

## डीईओ ने दी अंतिम चेतावनी

# पीटीएम के नाम पर अवकाश के दिन नहीं खुलेंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


डीईओ संगीता बिश्नोई।

अवकाश के दिन पीटीएम के नाम पर स्कूल खोलने की मिल रही शिकायतों को शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लिया है। इसको लेकर फतेहाबाद की जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को एक लेटर जारी किया है। डीईओ ने लेटर में सभी बीईओ को निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में छुट्टी के दिन स्कूल न खोले जाएं। अगर कोई स्कूल निर्देशों की उल्लंघना करता है तो उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए। बता दें कि अधिकतर निजी स्कूलों में दूसरे शनिवार को अवकाश होता है। विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई प्राइवेट स्कूल संचालक छुट्टी के दिन पेरेंट्स-टीचर मीटिंग यानि पीटीएम के नाम पर स्कूल खोल रहे हैं और विद्यार्थियों और उनके परिजनों को स्कूल बुलाते हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग को लगातार इस बारे शिकायतें मिल रही थी। डीईओ संगीता बिश्नोई ने खंड शिक्षा अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि अक्सर देखने में आया है कि कुछ निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के द्वारा राजपत्रित अवकाश वाले दिन भी स्कूल खोले जा रहे हैं जोकि नियमानुसार गलत है।

### जिले में 200 से ज्यादा प्राइवेट स्कूल

बता दें कि जिले में 200 से ज्यादा प्राइवेट स्कूल हैं। इनमें प्राइमरी से लेकर सीनियर सेकेंडरी स्कूल तक शामिल हैं। पहले भी छुट्टी के दिन स्कूल खुले रखने के कई मामले सामने आ चुके हैं। कुछ दिन पहले हरियाणा दिवस पर रतिया की अकाल एकेडमी में सरकारी छुट्टी के दिन भी क्लासें चलती मिली थीं। प्रशासन को इसकी शिकायत मिली तो एसडीएम ने बीडीपीओ को मौके पर जांच के लिए भेजा। बीडीपीओ पहुंचे तो स्कूल में बच्चे मौजूद मिले और पढ़ाई चल रही थी। इसके बाद और सख्ती का फैसला लिया गया।

# सुनार समाज ने भाजपा जिलाध्यक्ष के सामने रखी धर्मशाला व लाइब्रेरी के लिए भूमि की मांग

- युवा समाजसेवी नरेश सोनी के निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना


**भूना।** बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा को सम्मानित करते सुनार समाज के लोग।

भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा का सुनार समाज ने पगड़ी बांधकर और शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। यह कार्यक्रम युवा समाजसेवी नरेश सोनी के निवास स्थान पर आयोजित हुआ, जिसमें सुनार समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर समाज के प्रतिनिधियों ने शहर में धर्मशाला और लाइब्रेरी निर्माण के लिए भूमि कलेक्टर रेट पर उपलब्ध करवाने की मांग रखी। जोड़ा ने भरोसा दिलाया कि वह जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समाज के लिए भूमि उपलब्ध करवाने की सिफारिश करेंगे। पत्रकारों से बातचीत में जोड़ा ने कहा कि भूना शहर में जलभराव की समस्या को लेकर सरकार पूरी तरह गंभीर है। वर्ष 2022 और 2025 में आई जलभराव स्थिति की समीक्षा करते हुए भविष्य के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। शहर में बाईपास के साथ दो नई ड्रेनें बनाई जाएंगी ताकि स्थायी समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में भी प्रभावित लोगों को करोड़ों रुपये का मुआवजा दिया गया था, और इस बार हुए नुकसान का भी प्रशासन द्वारा आंकलन करवाकर मुआवजा देने की संभावना है। इस अवसर पर नगर पालिका पार्षद सुशील सोनी, पार्षद प्रतिनिधि बलजीत सोनी, डॉक्टर सीताराम सोनी, कृष्ण कुमार सोनी नहला, राजबीर सोनी ढाणी डूल्ट, धर्मपाल सोनी आदि मौजूद रहे।


### युवा महोत्सव झूमर-2025 का आरपीएस इंजि.कॉलेज बलाना बना ओवरऑल चैम्पियन




**महेंद्रगढ़।** आरपीएस कॉलेज बलाना में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के सौजन्य से हरी-भरी वादियों, अरावली की शैल मालाओं के बीच 8वां तीन दिवसीय जोनल युवा महोत्सव झूमर का अंतिम दिन ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ संपन्न हुआ। इस गौरवशाली महोत्सव में आरपीएस इंजिनियरिंग कॉलेज बलाना ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीतकर अपनी सर्वश्रेष्ठता को एकबार फिर से साबित कर दिया है। पूरे जोन के लगभग तीन हजार विद्यार्थी विभिन्न सात मंचों पर अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे थे। विभिन्न कॉलेजों से आए इन प्रतिभागियों ने 46 इवेंट्स प्रतियोगिता में भाग लिया, जिससे यह युवा महोत्सव भारतीय व हरियाणवी संस्कार व धरोहर को दर्शाने वाला एक भव्य मंच सिद्ध हुआ। विश्वविद्यालय की तरफ से युवा महोत्सव विजेता महाविद्यालय को 21 हजार की राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. दिलबाग सिंह, विशिष्ट अतिथि आरपीएस चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, संस्था सीईओ इंजि. मनीष राव, संस्था डिप्टी सीईओ कुनाल राव, डॉ. करण सिंह डीएसडब्ल्यू, डॉ. अदिति शर्मा डीवाईडब्ल्यू एवं डॉ. सुशांत असिस्टेंट डॉयरेक्टर एडीवाईडब्ल्यू रहे। विशेष रूप से आमंत्रित अतिथि कॉलेज डायरेक्टर महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव, डीन प्रो. आरएस यादव, प्रिंसिपल डॉ. देवेन्द्र कादयान, डीन डॉ. हेमन्त कुमार रहे।

### कुलदीप बिश्नोई ने रतिया में किया श्री गुरू जंभेश्वर मंदिर का लोकार्पण

**रतिया।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने गुरूवार को फतेहाबाद जिले के रतिया में अनेक कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित गुरू जंभेश्वर मंदिर का लोकार्पण भी किया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि गुरू जंभेश्वर भगवान द्वारा बताए गए 29 नियम मानव जीवन का आधार है। समाज की एकजुटता ही सबसे बड़ी लाकत है, इसलिए सभी एकजुट होकर रहें। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारे व सहयोग की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि गुरू जंभेश्वर महाराज ने हमेशा सत्य, सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलकर समाज के हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि अगर माता-पिता या साथियों को डोर की तरह काटकर फेंक दोगे, तो अंत पतन से भरा होगा, इसलिए मां-बाप की सेवा करें। आपस में भाईचारा व प्ेरम बनाकर रहना चाहिए। संतों का एक-एक शब्द मोतियों की तरह है।


रतिया। बिश्नोई मंदिर लोकार्पण करते कुलदीप बिश्नोई।

## न्यूज डायरी

### सरेआम सट्टा खाईवाल करते एक गिरफ्तार, 17 हजार बरामद

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने एक आरोपी को सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान बोगाराम कालोनी निवासी जतिन के रुप में हुई है। एएसआई रवि कुमार ने बताया कि सीआईए पुलिस को सूचना मिली थी कि एचएसवीपी सेक्टर 6 के चौक पर एक युवक सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। सूचना के आधार पर टीम मौके पर पहुंच जतिन को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास 17,000 रुपये व पर्चियां बरामद हुई।

### हर खेत पर रखी जा रही पैनी नजर : एसडीएम

**हांसी।** एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी हर खेत पर पैनी नजर बनाए रखें और आगजनी की घटना होने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाएं। एसडीएम खोथ गुरुवार वार को संयुक्त कार्यालय परिसर में कृषि तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

### विजेता टीम के खिलाड़ियों का हरीकोट में स्वागत

**हिसार।** देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित 7वीं बैंडी नेशनल चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर लौटे हरियाणा की टीम के खिलाड़ियों परीक्षित ठाकुर व हिमांशु वर्मा का हिसार, मंगाली और हरिकोट गांव में पहुंचने पर विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी परीक्षित ठाकुर के पिता राममेहर सेलपाड़ ने कहा कि अंडर-14 वर्ग में खिलाड़ी परीक्षित ठाकुर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरियाणा को गोल्ड दिलाने में अहम भूमिका निभाई, वहीं अंडर-17 वर्ग में हिमांशु वर्मा ने उत्कृष्ट खेल दिखाकर टीम को स्वर्ण पदक दिलवाया है।

### नए वृद्धाश्रम का नाम होगा आचार्य श्री विद्यासमयशरणम मोक्ष वृद्धाश्रम

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम की चौधरीवास में नई शाखा का निर्माण कार्य विधि-विधान से शुरू हो गया है। इस नए वृद्धाश्रम का नाम आचार्य श्री विद्यासमयशरणम् मोक्ष वृद्धाश्रम होगा और यहां पर दिगंबर जैन मंदिर का निर्माण भी किया जाएगा। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने बताया कि हाल ही में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में चौधरीवास में नए वृद्धाश्रम के लिए भूमि पूजन किया गया था।

### रिटायर्ड एम्प्लाइज कांग्रेस सेल की बैठक आयोजित

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश रिटायर्ड एम्प्लाइज कांग्रेस सेल की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को कांग्रेस भवन में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हरियाणा प्रदेश रिटायर्ड एम्प्लाइज कांग्रेस सेल के राज्य प्रधान महावीर सिंह मलिक रहे। बैठक की अध्यक्षता रिटायर्ड एम्प्लाइज कांग्रेस सेल, हिसार के ज़िला अध्यक्ष दयापाल भड़िया ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बृजलाल बहबलपुरिया रहे।


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**प्रथम पुरस्कार (कार, 1 नग )**

1. ब्रिज शंकर सुपुत्र श्री मानव लाल आहूजा, न्यू मॉडल टाऊन, हिसार

**द्वितीय पुरस्कार (स्कूटी, 2 नग )**

1. नैनिका मौर्या सुपुत्री श्री उत्कर्ष मौर्या, हालू बाजार, भिवानी
2. उदयभान सुपुत्र श्री देवदत्त शुक्ला, लाईन पार एरिया, बहादुरगढ़

**तृतीय पुरस्कार (एलईडी टीवी, 2 नग )**

1. श्रीमति मंजू पत्नी श्री विनोद कुमार, म.नं. 1564, एनएचबी कॉलोनी, रोहतक
2. समर तायल सुपुत्र श्री भुनेश्वर तायल, आदर्श नगर, महेन्द्रगढ़

**चौथा पुरस्कार (रेफ्रीजरेटर, 2 नग )**

1. दरिया सिंह सुपुत्र श्री हरिराम, 232/28, मालवीय नगर, सोनीपत
2. प्रथम कुमार साहू सुपुत्र श्री दिवांकर साहू, नजदीक तालाब चौक, झज्जर

**पांचवा पुरस्कार (वाशिंग मशीन, 2 नग )**

1. जितेन्द्र कुमार सुपुत्र श्री बिशम्बरदयाल, गौतम नगर, रेवाड़ी
2. रेयांश माथुर सुपुत्र श्री प्रेमलाल माथुर, रतिया रोड़, फतेहाबाद

**छठा पुरस्कार (माईक्रोवेव ऑवन, 3 नग )**

1. आरती, म. नं. 119, धर्मबीर कॉलोनी, वार्ड नं. 3, घरौंडा, करनाल
2. महासिंह सुपुत्र श्री रणजीत सिंह, राजनगर, कैथल रोड, जीन्द
3. श्री दलबीर सिंह सुपुत्र कपूर सिंह, वार्ड नं. 1, हिसार बाईपास, शास्त्री नगर, रोहतक

**सातवां पुरस्कार (गैस स्टोव (2 बर्नर), 3 नग )**

1. सीमा धर्मपत्नी श्री राकेश जुलाना, जीन्द
2. लक्ष्मण दास नम्बरदार पुत्र श्री कंवरभान, दुजाना, बेरी, झज्जर
3. राम निवास सुपुत्र श्री बिरजू, गांव माजरा, भाखली, रेवाड़ी

**आठवां पुरस्कार (इंडक्शन कुक टॉप, 5 नग )**

1. श्री सोमदत्त त्यागी सुपुत्र श्री मनजीत राम त्यागी, 449 बी, ओल्ड डीसी रोड, सोनीपत
2. श्रीमति ओमवति सुपुत्र भूप सिंह, गांव व डा. बलंभा, तह. महम, रोहतक
3. सचिन सुपुत्र श्री रत्तन लाल, मौहल्ला मिराजी, शिव नगर, वार्ड नं. 20, नारनौल, महेन्द्रगढ़
4. आदित्य वर्मा पुत्र श्री भीम सिंह निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी
5. राजबीर, श्री वीर सहाय, भट्टू रोड, मुलाना सिनेमा, फतेहाबाद

**नौंवा पुरस्कार (रुम हीटर, 5 नग )**

1. लेखपाल सुपुत्र श्री रामदिया, बख्तावरपुर, सोनीपत
2. चेतना देवी धर्मपत्नी श्री नरेन्द्र, महराना, झज्जर
3. चन्द्रभान पुत्र श्री रतन सिंह, निवासी दुल्हेड़ा, जिला झज्जर
4. फिलीना गाहलयान पुत्री श्री जितेन्द्र सिंह, मकान नं. 11, पार्क कालोनी, भिवानी
5. रोहताश पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी गांव दौलतपुर जिला हिसार

**दसवां पुरस्कार (प्रेशर कूकर, 5 नग )**

1. दीपांशु सुपुत्र श्री दुष्यंत कुमार, गांव गोलिका, मनेठी, रेवाड़ी
2. श्री रणधीर सिंह सुपुत्र चेतन सिंह, वार्ड 6, कलानौर, रोहतक
3. राधा कृष्ण पुत्र श्री सूरजभान, मकान नं. 1446/12 क्वार्टर रोड, शिव मंदिर के पास, हिसार
4. राजबीर सिंह पुत्र श्री होश्यार सिंह, गांव बामनौली, बहादुरगढ़, जिला झज्जर
5. सुरेश कुमार सुपुत्र श्री मुखराम प्रजापत, वार्ड नं. 6, पुराना बाजार, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़

### आवश्यक सूचना

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005


## विश्व निमोनिया दिवस पर सांस अभियान की शुरुआत

# बच्चों में निमोनिया की समय पर पहचान व उपचार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की बैठक लेते सिविल सर्जन डॉ. बुधराम।

विश्व निमोनिया दिवस पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में बाल निमोनिया से होने वाली मृत्यु को कम करने के उद्देश्य से सांस अभियान का शुभारंभ किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. बुधराम ने बताया कि निमोनिया पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में मृत्यु का प्रमुख कारण है, जबकि समय पर पहचान एवं उचित ईलाज से इसे रोका जा सकता है। निमोनिया नहीं तो बचपन सही इस नारे के साथ यह आयोजन समाज के हर वर्ग को इस दिशा में एकजुट करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि निमोनिया के लक्षण पहचान कर बच्चे को तुरंत स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पास या स्वास्थ्य केंद्र में लेकर जाएं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सन्नी मल्होत्रा ने कहा कि सांस अभियान के माध्यम से समाज स्तर से लेकर स्वास्थ्य संस्थानों तक बाल निमोनिया की रोकथाम एवं प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आशा व अन्य फ्रंट लाइन स्वास्थ्य कर्मचारियों को बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं शीघ्र रैफरल की दिशा में प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि प्रत्येक बच्चे की जान समय पर बचाई जा सके। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में निमोनिया से होने वाली मृत्यु को कम करना, समाज में जागरूकता लाना ताकि निमोनिया की समय पर पहचान एवं ईलाज हो सके, स्वास्थ्य संस्थानों में बालरोग सेवाओं को शक्तिशील बनाना, सभी बच्चों को पीसीवी की तीन खुराक 6 सप्ताह, 14 सप्ताह व 9 माह पर बुस्टर दिलवाना सुनिश्चित करना है।

### इन बिंदुओं का रखा जाएगा ख्याल

*सांस अभियान के दौरान आशा, एएनएम व सीएचओ कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में बुखार, खांसी या सांस लेने में कठिनाई होने के लक्षण की पहचान करना है। इसके साथ ही संदिग्ध बच्चों को निकट के स्वास्थ्य केन्द्र पर रैफर करना एवं प्रारंभिक ईलाज देना, जिला अस्पताल व स्वास्थ्य केन्द्रों में ऑक्सीजन, पल्स ऑक्सीमीटर, नेबुलाइजर आदि आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, माताओं एवं अभिभावकों में निमोनिया के लक्षण, कारण एवं बचाव के उपाय पर आईईसी कार्य क्रियाएं चलाना तथा स्वच्छ ईंधन का उपयोग, घरों में धुंए से बचाव एवं वायु प्रदूषण कम करने पर विशेष बल देना है।*

## खबर संक्षेप

### सस्टेनेबिलिटी सेंटर व सीटीपी का किया भ्रमण

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए बनाए गए रिसोर्स मैनेजमेंट एंड सस्टेनेबिलिटी सेंटर व सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में राजकीय बहुतकनीकी हिसार के सिविल इंजीनियरिंग के 32 विद्यार्थियों ने लेक्चरर (सिविल) आर. एस. बिश्नोई व संदीप के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण किया। ग्रीन अर्थ संस्था कुरुक्षेत्र द्वारा इस सेंटर का रखरखाव व संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से इंजीनियर रघुबीर सुण्डा, इंजीनियर राजेश ढांडा व इंजीनियर पंकज ग्रोवर उपस्थित थे।

### शास्त्रीय संगीत से गूंजा दयानन्द महाविद्यालय

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय के महात्मा हंसराज सभागार में महाविद्यालय के हैरिटेज क्लब के तत्वाधान में 'स्पिक मैके' की ओर से शास्त्रीय संगीत गायन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविख्यात शास्त्रीय संगीत गायक पण्डित रितेश मिश्रा व पंडित रजनीश मिश्रा द्वारा शास्त्रीय संगीत की मनोहर प्रस्तुतियां देकर श्रोतागणों को मन्त्र-मुग्ध कर दिया। उनके साथ तबले पर प्रदीप कुमार सरकार व हारमोनियम पर जाकिर धोलपुरी ने संगत करते हुए महाविद्यालय परिसर को संगीतमय वातावरण से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में डी.ए.वी. मैनेजिंग कमेटी, नई दिल्ली के सचिव रमेश लीखा ने शिरकत कर छात्रों को प्रोत्साहित किया।

### लाल किले के पास कार में विस्फोट निंदनीय : डॉ. गुप्ता

**हिसार।** राज्य के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. कमल गुप्ता ने हाल ही में दिल्ली में हुई आतंकवादी घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस कार विस्फोट की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। डॉ. कमल गुप्ता भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थितजनों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह घटना देश की एकता और शांति को भंग करने का एक असफल प्रयास है। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूपवाला, रामचंद्र गुप्ता, अशोक मित्तल, सुरेंद्र सैनी, लोकेश असीजा, प्रोमिला पूनिया, कृष्ण बिश्नोई, राहुल सैनी, कप्तान नरेंद्र शर्मा, विनोद तोषावाड़, अनुज जैन, अनिल गोदारा आदि उपस्थित रहे।

### समाज हित में भूमिका निभाने का आह्वान

**बरवाला।** राजकीय महाविद्यालय, बरवाला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यपाल सिंह ने किया। प्राचार्य डॉक्टर सत्यपाल सिंह ने अपने संबोधन में स्वयंसेवकों को समाज सेवा, स्वच्छता एवं अनुशासन के महत्व पर प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए और स्वयंसेवकों को समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। एनएसएस प्रभारी इंद्रा बिश्नोई ने बताया कि स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, पर्यावरण जागरूकता रैली तथा जनहित संदेशों का प्रचार-प्रसार किया।

### देवेंद्र सिंह राठौड़ बने छात्र संघ के ब्लॉक प्रधान

**आदमपुर।** एफजीएम राजकीय महाविद्यालय में युवा भारत छात्र संघ की एक बैठक हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन हिसार के पूर्व प्रधान एडवोकेट विनय बिश्नोई ने जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पार्षद वीर सिंह राहड़,वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल पंघाल ने शिरकत की जबकि अध्यक्षता संघ के संयोजक नरषोत्तम मेजर ने की। कार्यक्रम में कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें मुख्य रूप से बीए फाइनल के छात्र देवेंद्र सिंह राठौड़ को युवा भारत छात्र संघ का ब्लॉक प्रधान, बीए द्वितीय वर्ष के रोहित ज्याणी को एफजीएम कॉलेज इकाई का प्रधान, बीए फाइनल के छात्र राकेश कुमार को उपप्रधान व बीए प्रथम वर्ष के छात्र हर्ष पूनिया को महासचिव बनाया गया।

---

**एनएसी की 1135 और नाम दर्ज वाली 1387 फाइल लंबित**

# मेयर ने जन्म-मृत्यु व प्रॉपर्टी टैक्स शाखाओं का निरीक्षण किया

**मेयर ने लंबित फाइलों के शीघ्र निपटान के दिए निर्देश**


हिसार। कार्यालय में निरीक्षण करते मेयर प्रवीण पोपली। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मेयर प्रवीण पोपली ने निगम कार्यालय स्थित जन्म-मृत्यु शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय में आने वाले नागरिकों की ओर से यह शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित कार्यों में देरी हो रही है। इसी संदर्भ में मेयर पोपली ने शाखा के कर्मचारियों से बातचीत की और कार्य की स्थिति की समीक्षा की।

कर्मचारियों ने बताया कि जन्म-मृत्यु शाखा में वर्तमान में कोई भी फाइल आरटीएस समय सीमा से बाहर नहीं है। हालांकि, 25 सितंबर से अब तक सुधार करवाने से संबंधित लगभग 624 फाइलें लंबित हैं। इसके अतिरिक्त एनएसी की लगभग 1135 फाइलें और नाम दर्ज करवाने से संबंधित करीब 1387 फाइलें लंबित हैं। डीले डेथ/बर्थ की 22 फाइलों पर कार्य जारी है। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि पिछले निरीक्षण के दौरान जो रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, उसकी तुलना में अब तक की रिपोर्ट तैयार कर उनके कार्यालय में भेजी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित सभी फाइलों का निपटान आगामी सोमवार तक करें।

**टैक्स से जुड़ी त्रुटियों को सुधारने से संबंधित फाइलों को तुरंत निपटाएं**

इस दौरान मेयर पोपली ने प्रॉपर्टी टैक्स शाखा का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को टैक्स से जुड़ी त्रुटियों को सुधारने से संबंधित फाइलों का शीघ्र निपटान करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने लाल डोरे क्षेत्र में स्वामित्व योजना के तहत पात्र नागरिकों को जल्द से जल्द स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी करने के आदेश भी दिए। निरीक्षण के अंत में मेयर प्रवीण ने कहा कि नागरिकों से संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ

**स्टार्म वॉटर लाइन कार्य का निरीक्षण**

**हिसार।** बरसाती पानी की निकासी की समस्या को दूर करने के लिए नगर निगम द्वारा अर्बन एस्टेट-2 में स्टॉर्म वॉटर लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। गुरुवार को मेयर प्रवीण पोपली ने स्थल का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जेई अंकुर चौहान और कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने मेयर को बताया कि लाइन डालने के दौरान सड़क की खुदाई करते समय उनके घरों के सीवरेज और पानी की सप्लाई कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस पर मेयर प्रवीण पोपली ने तुरंत एजेंसी के प्रतिनिधियों और संबंधित जेई को निर्देश दिया कि जिन घरों के कनेक्शन टूटे हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पुनः जोड़ा जाए।

---

# एडिशनल जज शर्मा व सीजेएम ने किया उपमंडल परिसर का दौरा

- निर्देश : तहसील परिसर में बदलाव और रिपेयरिंग जल्द तैयार करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद


नारनौंद। निरीक्षण करते एडिशनल जज निशांत शर्मा, सीजेएम ओर एसडीएम विकास यादव।

नारनौंद उपमंडल में कोर्ट बनाने को लेकर एडिशनल जज निशांत शर्मा और सीजेएम ने तहसील परिसर का दौरा करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम विकास यादव ने तहसील परिसर की बिल्डिंग का पूरा रोड रोड मैप उनके सामने रखा और बिल्डिंग का निरीक्षण किया। तहसील परिसर में बदलाव और रिपेयरिंग करके इसको जल्द ही तैयार कर दिया जाएगा। इसके लिए पीडब्लूडी विभाग के एसडीओ रोहतास शर्मा व जेई नितिन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुरेश शर्मा, नपा सचिव प्रदीप कुमार, एसडीओ रोहतास शर्मा, नरेंद्र लोहान, सुनील इत्यादि विशेष तौर पर मौजूद थे। बता दें कि पिछले काफी समय से क्षेत्र के लोगों की मांग थी कि नारनौंद में कोर्ट बनाने का काम किया जाए। ग्राम पंचायतों ने जस्टिस सूर्यकांत से भी कोर्ट बनाने की मांग रखी थी।

---

# नाबालिगा से रेप के दोषी चचेरे भाई को 10 साल कैद, 55 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) सुनील जिंदल की अदालत ने नाबालिग लड़की से रेप के मामले में दोषी चचेरे भाई को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 55 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने उसे दो दिन पहले दोषी करार दिया था।

अदालत में चले मामले के अनुसार पुलिस ने जनवरी 2019 में पीड़िता के बयान के आधार पर पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। इस दौरान पीड़िता गर्भवती हो गई थी। शिकायत में नाबालिग पीड़िता ने बताया था कि उसने सातवीं कक्षा तक पढ़ाई की है और उसके माता-पिता का निधन हो चुका है।

वह अपने दादा-दादी और चाचा के साथ रहती है। पीड़िता के अनुसार, उसके ताऊ का लड़का (जो रिश्ते में चचेरा भाई लगता है) उनके घर आता-जाता था और उसके साथ छेड़खानी करता था। इसी के चलते 16 अप्रैल 2018 को आरोपी ने उसके साथ रेप किया और धमकी दी कि यदि उसने किसी को बताया तो उसे और उसके परिवार को जान से मार देगा। इसके बाद भी आरोपी ने लगातार दो-तीन महीने तक उसके साथ गलत काम किया।

जनवरी 2019 को जब उसकी बुआ घर आईं तो वे उसे अस्पताल ले गईं। वहां जांच में पता चला कि वह गर्भवती है। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई और पुलिस ने बयान के आधार पर कार्रवाई करते हुए पोक्सो एक्ट और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में अदालत ने उसे सजा सुनाई है।

---

# आठ माह पहले तोड़कर छोड़ दी सड़क, नारेबाजी

- सप्ताह में समाधान न होने पर नगर निगम में ढ़ोल बजाने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम एरिया में आने वाले 12 क्वार्टर रोड की मेन गली को नगर निगम द्वारा उखाड़कर छोड़ देने से क्षेत्रवासियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसी के चलते क्षेत्रवासियों ने गुरुवार को मेन गली में शराब ठेके के नजदीक टूटी सड़क को ठीक करवाने की मांग पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे क्षेत्रवासियों ने कहा कि लगभग आठ महीने से यह सड़क टूटी पड़ी है मगर नगर निगम इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। प्रदर्शन कर रहे ललित कुमार और अन्य लोगों ने बताया कि सरकारी नुमाइंदों ने यहां गड्ढा किया हुआ है। इसके अलावा यहां पब्लिक हेल्थ की पीने की पानी की लाइन लीक है और निकासी की भी समस्या है। इस एरिया के साथ तीन निगम पार्षद लगते हैं जो इस रोड से आते-जाते हैं मगर इस समस्या का समाधान नहीं हो रहा। अगले बुधवार तक हालात नहीं सुधरे तो वह नगर निगम में ढोल बजाकर अफसरों को जगाने का काम करेंगे। ललित भाटिया और राजेंद्र यादव ने बताया कि नगर निगम के पास अगर फंड की कमी थी तो सड़क उखाड़कर नहीं छोड़नी चाहिए थी।

---

# एशिया मास्टर्स महाकुंभ में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

चेन्नई में आयोजित 23वीं एशिया मास्टर्ज एथलेटिक प्रतियोगिता में हरियाणा के 88 पुरुष व 21 महिलाओं ने भाग लेकर कुल 54 पदक जीते। इनमें 21 स्वर्ण, 17 रजत, 16 कांस्य पदक जीत कर हरियाणा और भारत का नाम रोशन किया। भारतीय टीम ने 690 पदक जीतकर एशिया में पहला स्थान प्राप्त करके सिरमौर होने का परचम लहराया।

यह जानकारी देते हुए मास्टर्स एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश महासचिव चरणजीत सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में 22 देशों के कुल 3312 खिलाड़ियों एशिया के इस महाकुंभ में भाग लिया। भारत के लिए पदक पाने वाले खिलाड़ियों में हरियाणा के इलमचंद ने तिहरी कूद में रजत, ऊंची कूद में सिल्वर, बांसकूद व 4 गुना 400 मीटर रिले दौड़ में स्वर्ण तथा लम्बी कूद में कांस्य प्राप्त किया। हिसार जिले के गांव सातरोड के प्रेमजीत पूनिया ने 5 किलोमीटर पैदल चाल तथा 2 किलीमीटर स्टीपल चेज में देश के लिए स्वर्ण पदक जीता। जोगीराम ने 100 मीटर व 200 मीटर में स्वर्ण, अमर सिंह ने कांस्य जीता।


हिसार। पांच किलोमीटर पैदल चाल व 2 किलोमीटर स्टीपल चेज में स्वर्ण पदक जीतने वाले सातरोड का प्रेमजीत पूनिया।

**मुंशीराम ने जीता कांस्य**

मुंशीराम ने 300 मीटर हर्डल रेस व गोला फेंक में कांस्य, 200 मीटर रेस में स्वर्ण, मेजपाल ने 5 कि.मी. पैदल चाल में रजत, प्रकाश चन्द्र दहिया ने 5000 मीटर व 1500 मीटर में कांस्य, 10 किलोमीटर में रजत, दलजीत सिंह ने शॉटपुट और चक्का फैंक में स्वर्ण, राजपाल धनखड़ ने 5 कि.मी. पैदल चाल में स्वर्ण, राकेश कुमार तिहरी कूद व बांस कूद में स्वर्ण जीता।

---

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में स्वीटी रही प्रथम


हिसार। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राजकीय महाविद्यालय, मंगाली में गणित विभाग की ओर से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन गणित विभागाध्यक्ष अजय कुमार ने किया। डॉ. विजयंती जाखड़, डॉ. कमलप्रीत एवं सीमा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 17 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में स्वीटी वर्मा ने प्रथम स्थान, सरीना ने द्वितीय स्थान तथा गरिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विजेता विद्यार्थियों को महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या सुमन मलिक द्वारा पारितोषिक प्रदान किए गए।

---

# आदमपुर थाने में अवैध हिरासत: एसपी को सीसीटीवी संरक्षित करने के आदेश

- अदालत ने एसपी, आदमपुर थाना प्रभारी हरीश और एएसआई दलबीर से 24 नवंबर तक मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


शिकायतकर्ता चौधरीवाली निवासी रामपाल।

एक शिकायत के संदर्भ में 25 वर्षीय युवक को थाना में बुलाकर मारपीट कर करीब छह घंटे तक लॉकअप में बंद कर अवैध हिरासत में रखने के करीब तीन माह पुराने मामले में न्यायिक दंडाधिकारी आयुष की अदालत ने हिसार पुलिस अधीक्षक से मामले में रिपोर्ट तलब की है। साथ ही आदमपुर थाना प्रभारी हरीश व एएसआई दलबीर से जवाब मांगा है वहीं घटना के दिन की सीसीटीवी फुटेज संरक्षित करने के आदेश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर को होगी।

एडवोकेट जिले सिंह कांटीवाल ने बताया कि इस बारे में चौधरीवाली गांव निवासी पी ड़ि त रामपाल की शिकायत पर आदमपुर थाना प्रभारी हरीश व एएसआई दलबीर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115, 127(2), 351(1) के तहत शिकायत दर्ज करवाई है। अपनी शिकायत में रामपाल ने बताया कि इस वर्ष 4 अगस्त को उसके, उसके पिता हंसराज, मां कमलेश व भाई जोनी के खिलाफ शिकायत दी थी जिस पर 6 अगस्त को उसको व उसके परिवार के सदस्यों को थाने में बुलाया। वहां पर थाना प्रभारी हरीश से मिला तो उसने धमकी दी और उसे बोलने का मौका नहीं दिया। बाद में एएसआई दलबीर ने उसको लात मारी और थाना प्रभारी ने उसको हवालात में बंद करने की धमकी दी। जब उसने अपना कसूर पूछा तो पुलिस कर्मचारियों ने दुबारा उसके व उसके भाई हनुमान के साथ मारपीट की और अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए दोपहर 12 बजे लॉकअप में बंद कर दिया तथा शाम 6 बजे बाहर निकाला। इसके बाद उसने एएसआई दलबीर व अन्य के खिलाफ एक शिकायत दी।

---

## शिकायतों का समाधान नहीं होने पर नाराजगी

**हांसी।** उपमंडल परिसर में गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। शिविर की अध्यक्षता बीडीपीओ अशोक मेहरा ने की। गुरुवार को शिविर में फैमिली आईडी, राशन कार्ड और पाइपलाइन बिछाने से संबंधित कई शिकायतें प्राप्त हुईं। हालांकि, शिविर में लोगों की समस्याओं का संतोषजनक समाधान न होने के कारण आमजन में नाराजगी देखी गई। शिविर में थुराना गांव से आए उमेद सिंह ने बताया कि वे कई बार समाधान शिविर में अपनी समस्या लेकर आ चुके हैं, लेकिन आज तक कोई स्थायी हल नहीं निकल पाया है। शिविर में पहुंचे अन्य लोगों ने भी परिवार पहचान पत्र और राशन कार्ड से जुड़ी परेशानियों के लगातार बने रहने की शिकायत की।

---

# बाबा परसा नाथ ट्रस्ट ओर विवेकानंद मंच ने जगाई नई सामाजिक चेतना

- ढाणी कुम्हारान में किया सेवा-संस्कार-स्वास्थ्य का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी


हांसी। दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते डॉ योगी अनूप नाथ व अन्य(

बाबा परसा नाथ चेरिटेबल ट्रस्ट एवं विवेकानंद मंच द्वारा गुरुवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय, ढाणी कुम्हरान में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता का आयोजन उत्साह, जोश और सामाजिक एकता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिक्षाविद् एवं औघड़ संत डॉ. योगी अनूप नाथ ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर डॉ. अनूप नाथ ने कहा कि स्वास्थ्य, अनुशासन और सेवा ये तीन आधार किसी भी राष्ट्र को मजबूत बनाते हैं।

खेलकूद प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अद्भुत ऊर्जा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बोरी दौड़, चम्मच-नींबू दौड़ और जलेबी दौड़, महिलाओं की रस्सा कसी ओर म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर डॉ. दुष्यंत, डॉ. कुलबीर सिंह, डॉ. निरंजन, डॉ गरिमा, सचिव पूजा द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सरपंच अनूप, हरीश वर्मा, दिनेश कुमार, प्रवीण कुमार, श्री दत पीटीआई, फतेह सिंह गुज्जर, धर्म सिंह जांगड़ा, सुभाष दहिया, वीरेंद्र प्रजापति, ईश्वर जोगी, जसबीर गोयत, राकेश मास्टर, प्रीत कुमार सोलंकी, सरोज बाला मौजूद रहे।

---


हिसार। शास्त्रीय संगीत का गायन करते कलाकार।

## भाषा, धर्म से ऊपर उठकर सबको जोड़ता है संगीत : प्रो. काम्बोज

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में छात्र कल्याण निदेशालय एवं स्पीक मैकी की ओर से संयुक्त रूप से हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि गीत हमारी सभ्यता, भाषा और लोक परंपराओं को जीवंत बनाए रखता है। प्रत्येक राग और ताल भारतीय संस्कृति की विविधता और गहराई को प्रकट करता है। उन्होंने बताया कि संगीत भाषा, धर्म और जाति से ऊपर उठकर सबको जोड़ता है। कार्यक्रम में प्रख्यात शास्त्रीय गायन युगल पंडित रितेश मिश्रा एवं पंडित रजनीश मिश्रा ने अपनी मधुर एवं रागमय प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने शास्त्रीय गायन की विभिन्न रचनाओं के माध्यम से भारतीय संगीत की समृद्ध परंपरा का सुंदर प्रदर्शन किया। उनके साथ तबले पर प्रदीप कुमार सरकार तथा हारमोनियम पर जाकिर ढोलपुरी ने संगत की और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में स्पीक मैकी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

---

**राजकीय महिला महाविद्यालय में स्पर्धा का आयोजन**

# खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रा गीता का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राजकीय महिला महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में फतेहाबाद के उपायुक्त डॉ. विवेक भारती मुख्य अतिथि रहे जबकि अखिल भारतीय खेल संघ एवं हरियाणा राज्य रग्बी एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश नैन विशिष्ट अतिथि रहे। इसके अलावा पूर्व प्राचार्य डॉ केसी शर्मा, डॉ. रमेश आर्य, डॉ. रविंद्र बेनीवाल, प्रो. डॉ. आरएमएस मलिक, प्रो. प्रहलाद सिंह, प्रो. सतबीर सिंह, प्रो. करतार सिंह, छाजूराम मेमोरियल जाट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र बाजिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।


हिसार। विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व अन्य।

**ये रहे खेल प्रतियोगिताओं के परिणाम**

*पांच हजार मीटर दौड़ में बीए तृतीय की गीता प्रथम, बीए द्वितीय से कोमल दितीय व बीए तृतीय से अनु तृतीय रही, 1500 मीटर दौड़ में बीए तृतीय से गीता प्रथम, बीए तृतीय से अनु द्वितीय व बीए द्वितीय से रवीना तृतीय रही, 800 मीटर दौड़ में बीए तृतीय से गीता प्रथम, बीए प्रथम से कोमल द्वितीय व बीए द्वितीय से मुस्कान तृतीय रही। इसी तरह 100 मीटर दौड़ में बीए तृतीय से गीता प्रथम, बीए प्रथम से कोमल द्वितीय व बीए द्वितीय से सरीना तृतीय, 200 मीटर दौड़ में बीए तृतीय से गीता प्रथम, बीए प्रथम से कोमल द्वितीय व बीए द्वितीय से शाइना तृतीय रही। हाई जंप में बीए तृतीय से गीता प्रथम, बीकॉम प्रथम से टीना द्वितीय व बीए प्रथम से कोमल तृतीय रही। तीन टांग रेस में बीए द्वितीय से ज्योति व बीए प्रथम की पुष्पा प्रथम, बीए प्रथम की कोमल व बीएससी की निशा द्वितीय व बीए प्रथम की कल्पना व इसी कक्षा की कल्पना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।*